कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ.प्र.
संख्या– 07/01/ई–5/2019–20
प्रयागराज–दिनांक 17 फरवरी, 2020

## विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन सं.–ए–2/ई–1/2018 दिनांक 6 जुलाई, 2018 के द्वारा विज्ञापित सहायक वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (मुख्य) परीक्षा–2018 के अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत परीक्षा दिनांक 23 फरवरी, 2020 से 6 मार्च 2020 लखनऊ जनपद (जिला कोड–47), लोक सेवा आयोग कैम्प कार्यालय सेक्टर "डी" अलीगंज में प्रथम सत्र 9.30 बजे पूर्वान्ह से 12.30 बजे अपरान्ह तक एवं द्वितीय सत्र 2.00 बजे अपरान्ह से 5.00 बजे अपरान्ह तक (केवल सामान्य अध्ययन–प्रथम प्रश्नपत्र की अवधि 9.30 बजे पूर्वान्ह से 11.30 बजे पूर्वान्ह तक तथा सामान्य अध्ययन–द्वितीय प्रश्नपत्र की अवधि 2.30 बजे अपरान्ह से 4.30 बजे अपरान्ह तक) सम्पन्न होगी। अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट **http://uppsc.up.nic.in** पर अपलोड कर दिये गयें हैं। अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर, नाम एवं जन्म तिथि के आधार पर प्रवेश पत्र/ उपस्थिति पत्रक तथा अनुदेश डाउनलोड करेंगे तथा उपस्थिति पत्रक में यथास्थान फोटो चस्पाकर प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होंगे। जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र में फोटो मुद्रित नहीं है, वे अपनी दो फोटो एवं आई.डी.प्रूफ साथ लायेंगे।

(जगदीश)
सचिव।